
दैनिक जागरण 18/02/2025

# नेशनल जिम्नास्टिक में जितेंद्र का दमदार प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता** • **अंबाला** : उत्तराखंड के देहरादून में राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के छात्र जितेंद्र चावला का दमदार प्रदर्शन रहा है। प्रतियोगिता में जिस टीम ने कांस्य पदक जीता, उसमें जितेंद्र भी शामिल रहा। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने जितेंद्र चावला की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। खेल विभाग के अध्यक्ष बृजेश कुमार ने भी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। उधर, कालेज में एनएसएस यूनिट



विजेता को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। • सौजन्य विज्ञप्ति

द्वारा गांव उगाड़ा में सात दिनसीय एनएसएस शिविर का आरंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया शिविर के पहले दिन एनएसएस के उद्देश्य और इतिहास के बारे में बताया।